

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

एक नवरत्न कंपनी
**1 नवंबर, 2024**

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी आगामी 07 नवंबर को अपने 50वें स्थापना दिवस को गौरवमयी उपलब्धि के रूप में मनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस तिथि को हमारा स्वर्ण जयंती वर्ष प्रारंभ हो रहा है जोकि हमारे समृद्ध इतिहास, उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए हरित ऊर्जा उत्पादन की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाने का सुनहरा अवसर है। इस महत्वपूर्ण वर्षगांठ का उत्सव मनाते हुए पिछले पांच दशकों की हमारी यात्रा में योगदान देने के लिए हम अपने कर्मचारियों, हितधारकों और साझेदारों के समर्पण का सम्मान करते हैं। इस अवसर पर हमें भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एनएचपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करते हुए भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने हैं।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को ओंकारेश्वर के जलाशय में 88 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी पावर परियोजना पूरी तरह से चालू हो गई है, जिसका कमीशनिंग सर्टिफिकेट (सीओडी) दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को हमें प्राप्त हो गया है।

दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को मैंने राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की, इस मुलाकात के दौरान राज्य की संस्थाओं के सहयोग से पम्प्ड भंडारण परियोजनाओं के विकास पर चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य राजस्थान की ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को मैं जम्मू व कश्मीर क्षेत्र में एनएचपीसी की गतिविधियों और भविष्य की पहलों पर चर्चा करने के लिए जम्मू व कश्मीर के महामहिम उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से मिला। दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को मैंने हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को हिमाचल प्रदेश राज्य में डुगर जलविद्युत परियोजना और एनएचपीसी की अन्य परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

हमने अपनी सभी परियोजनाओं में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में यूनिट नं. 3 के 673 टन वजन वाले रोटर को सफलतापूर्वक उतारा गया। दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप नेपाल में वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना (800 मेगावाट) के लिए अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) नेपाल के निवेश बोर्ड को सौंपी गई थी। दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 को कमला जलविद्युत परियोजना (1720 मेगावाट) की डीपीआर तकनीकी-आर्थिक मंजूरी के लिए सीईए को सौंपी गई है।

माह अक्टूबर 2024 के दौरान मुझे विभिन्न औद्योगिक कार्यक्रमों को संबोधित करने का अवसर मिला। दिनांक 1 अक्टूबर को आयोजित 92वीं आइकोल्ड (आईसीओएलडी) वार्षिक बैठक और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के दौरान, मैंने "भारत के जल प्रबंधन में बांधों" के महत्व विषय पर अपने विचार रखे। दिनांक 3 अक्टूबर को मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका, रोमानिया, जापान और अन्य देशों के विशेषज्ञों के साथ "डैम एंड पीपल" पर एक पैनल चर्चा की अध्यक्षता की। दिनांक 4 अक्टूबर को मैंने ग्रीन फ्यूचर समिट 2024 में भारत के नेट ज़ीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नवाचार और सहयोग को प्रमुख कारकों के रूप में अपनाए जाने पर जोर दिया। दिनांक 21 अक्टूबर को मैंने 23वें इंडिया पावर फोरम में सीईओ की गोलमेज बैठक में भाग लिया। इस बैठक में माननीय प्रधान मंत्री के पंचामृत लक्ष्यों की दिशा में एनएचपीसी की प्रगति को रेखांकित किया गया।

मुझे यह बताते हुए भी गर्व का अनुभव हो रहा है कि एनएचपीसी ने नेपाल में बाढ़ राहत प्रयासों में सहयोग करके सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) ने आरटी नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया।


माह अक्टूबर 2024 के लिए राजस्व संग्रह 850.86 करोड़ रुपये रहा साथ ही इस माह के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 16315 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया।

**अक्टूबर माह की अन्य मुख्य विशेषताएं:**

- दिनांक 6 अक्टूबर 2024 को मैंने सीएसआर पहल 'शिक्षा रथ 7.0' के अंतर्गत एनएचपीसी निगम मुख्यालय में 'समारंभ फाउंडेशन' के बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ जुड़े लद्दाख राज्य के दूरदराज के सात सीमावर्ती गांवों में बच्चों और समुदायों को सशक्त बनाना है।
- एनएचपीसी दिनांक 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक की अवधि को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मना रहा है। इस दौरान एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ और पेंटिंग प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं।
- सभी कार्यात्मक निदेशकों और प्रमुख सतर्कता अधिकारी के साथ मैंने अरुणाचल प्रदेश में हमारी आगामी परियोजनाओं के पास 'कमला बहुउद्देशीय स्व-सहायता समूह' के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और स्थानीय समुदायों को इन परियोजनाओं से होने वाले लाभों पर चर्चा की।
- 'स्वच्छता ही सेवा 2024' के दौरान नगर निगम चंडीगढ़ के साथ सक्रिय सहयोग के लिए पंजाब के महामहिम राज्यपाल और संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर को चंडीगढ़ में स्थित एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय को सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के लिए रक्तदान शिविरों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 308 यूनिट एकत्रित हुईं।
- दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को एनएचपीसी ने एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 की मेजबानी की।
- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर मिस ब्रिस्टी मुखर्जी ने फिलीपींस में एशियन जूनियर गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप ब्लिट्ज इवेंट 2024 में स्वर्ण पदक जीता।
- दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को कर्मचारियों ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन और कश्मीर मैराथन में भी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए भाग लिया।
- दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को, "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाने के लिए, एनएचपीसी कर्मचारियों ने "राष्ट्रीय एकता प्रतिज्ञा" ली और निगम मुख्यालय में आयोजित "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम में भाग लिया।
- हमारी सीएसआर पहल के अंतर्गत चार कक्षाओं के निर्माण के लिए सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना ने विवेकानंद केंद्र विद्यालय, धेमाजी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इन उपलब्धियों के उत्सव के महत्वपूर्ण अवसर पर मैं आपको और आपके परिवार को दिवाली और गुरु नानक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

**भवदीय,**



**(आर. के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**